भोपाल के छात्रों ने जीती क्विज अब मुंबई में होगा फाइनल

शहर के 1200 विद्यार्थियों ने लिया था भाग

इन्दौर।

8वीं से 12वीं कक्षा में पढ़ने वाले शहर के छात्रों के लिए आईटी क्विज का आयोजन किया गया था, जिसमें कल हुए फाइनल में भोपाल के छात्रों ने बाजी मार ली। अब ये छात्र मुंबई में होने वाले फाइनल में भाग लेंगे।

देवी अहिल्या विश्वविद्यालय के सभागृह में चल रही क्विज का फाइनल कल रोचक रहा। अंतिम समय तक सभी टीमें एक-दूसरे को कड़ी टक्कर दे रही थीं, लेकिन भोपाल की टीम ने बाजी मार ली। टीसीएस द्वारा आयोजित निःशुल्क इंटर स्कूल क्विज में इन्दौर के अलग-अलग स्कूलों के 1200 विद्यार्थी शामिल हुए थे। क्विज में विद्यार्थियों को मंच उपलब्ध कराने का उद्देश्य उन टेक्निकल ट्रेंड्स पर दृष्टि रखता है जो पूरी दुनिया का ध्यान अपनी ओर खींचते हैं। इसमें वे विद्यार्थी शामिल होते हैं, जो इन तकनीकों को करीब से समझते हैं और भविष्य में इसका फायदा ले सकते हैं। इस बार क्विज की थीम डिफाल्ट इज डिजिटल रखी गई थी। पांच राउंड्स पूरे करने के बाद कल रीजनल के फाइनल में भोपाल डीपीएस के निश्चय एस. तथा हार्दिक पी. ने फाइनल जीत लिया। उन्हें टीसीएस के वाइस प्रेसीडेंट चैतन्य साठे ने आईपॉड एयर प्रदान किया, जबकि कोटा के सेक्रेड हार्ट स्कूल के अनिमेश और यश दूसरे नंबर पर रहे। इन्हें मिनी आईपॉड देकर पुरस्कृत किया गया। इसके बाद अब मुंबई में फाइनल राउंड होगा। यह क्विज इन्दौर के साथ-साथ अहमदाबाद, बैंगलुरु, भुवनेश्वर, चेन्नई, कोयम्बटूर, दिल्ली, हैदराबाद, कोच्चि, कोलकाता, लखनऊ, मुंबई, नागपुर, पुणे और विशाखापट्टनम में भी आयोजित की गई थी।